हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 7 मई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 सुचारू ट्रॉफिक व्यववस्था के लिए तिराहे से बस स्टैंड...



07 फुटपाथ रेहड़ी, फल, सब्जी के विक्रेताओं के लिए स्थान...



### मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान होते हैं श्रद्धालु

# मां बगलामुखी लोक का वर्षो से इंतजार

### पांच वर्षों में दो बार बन गए विकास के प्लान लेकिन स्वीकृत कुछ भी नही

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशों के विभिन्न धार्मिक स्थलों का विकास करने के दावे किए जाते है, प्रदेश में कई स्थानों पर लोक बनाने की घोषणाएं की जा चुकी है लेकिन लगता है कि नलखेड़ा में माँ बगलामुखी लोक का निर्माण मात्र शगूफा बन कर रह रहा है। माँ बगलामुखी लोक का वर्षो से इंतजार किया जा रहा है लेकिन इसके लिए कही भी कोई कार्ययोजना दिखाई नही दे रही है। यहाँ तक कि मंदिर पर दर्शनार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पांच वर्षों में दो बार प्लान बन चुके है लेकिन स्वीकृत आज तक कुछ भी नही हुआ है। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में भक्त परेशान होते रहते है।

लगभग 20 वर्ष पूर्व तात्कालिक मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर को धार्मिक पर्यटन केंद्र घोषित किया गया था जिसके उपरांत मंदिर विकास के कुछ कार्य हुवे थे तब आस जगी थी कि इस विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल का कायाकल्प होगा। लेकिन उसके बाद चुनिंदा कार्यो के अतिरिक्त कोई कार्य नही हुवे है। जो कुछ भी हुआ है उनमें से अधिकांश दानदाताओं के माध्यम से ही हुआ है। इसके बाद उज्जैन में बने महाकाल लोक के बाद से ही यह सुगबुगाहट तेज हो गई थी कि अब माँ बगलामुखी लोक का निर्माण होगा। इसके बाद प्रदेश के कई धार्मिक स्थलों पर लोक बनाने की घोषणा हुई है उनमें से कुछ बनकर तैयार भी हो गए है। लेकिन प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण, बारह माह कल कल बहने वाली लखुंदर नदी के किनारे स्थित विश्व भर में तांत्रिक सिद्धपीठ के रूप में प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर लोक निर्माण तो दूर दर्शनार्थियों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नही हो पाई है।

माँ बगलामुखी मंदिर के सौंदर्यीकरण व दर्शनार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगभग 5 वर्ष पूर्व एक प्लान बनाया गया था जिसमे से कोई भी कार्य स्वीकृत नही हुवे। उसके बाद अधिकारियों के बदलने के साथ ही कुछ माह पूर्व फिर से एक प्लान तैयार करवाया गया है। जिसका प्रजेंटेशन भी दिया गया था जिस पर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय भक्तों द्वारा कई आपत्तियां भी दर्ज करवाई गई थी लेकिन उसके बाद क्या हुआ किसी को कोई जानकारी नही है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि पांच वर्ष पूर्व बनाये गए प्लान के समय सिद्धपीठ के आसपास स्थित भूमि का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन था जिसके चलते उपलब्ध भूमि पर ही प्लान को बनाया गया था लेकिन इस बार बनाये गए प्लान के पूर्व विवादित भूमि का निर्णय भी शासन के पक्ष में आ चुका है। यह निर्णय आये भी लगभग 6 माह से अधिक का समय हो गया है लेकिन विवादित भूमि का रोना रोने वाला प्रशासन किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में नाकाम रहा है। यहाँ तक कि मुक्त हुई भूमि पर बगैर पत्थर हटवाए वाहन पार्किंग बना दी गई जहाँ प्रकाश की भी कोई व्यवस्था नही की गई है।

इस विश्व प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन केंद्र पर दर्शनार्थियों के लिए आज भी सुविधाघर तक का अभाव बना हुआ है। सैकड़ो किलोमीटर दूर से आने वाले दर्शनार्थियों को कुछ समय मंदिर अथवा परिसर में बैठने तक का स्थान नही है। यहाँ तक कि जिम्मेदार ऐसी व्यवस्था करते है कि दर्शनार्थी जितनी जल्दी हो सके मंदिर से बाहर हो जाये।हवन अनुष्ठान के लिए प्रसिद्ध इस स्थान पर एक धर्म सम्मत व वास्तु अनुसार यज्ञशाला तक नही है। बिजली गुल होने की स्थिति में करोड़ो रूपये की आय वाले इस मंदिर में एक अदद जनरेटर की व्यवस्था नही है। बिजली गुल होने पर मंदिर में वीआईपी क्षेत्र को छोड़कर सम्पूर्ण परिसर में अंधेरा पसर जाता है।

इसके अतिरिक्त भी कई प्रकार की समस्याओं से दर्शनार्थियों को रूबरू होना पड़ता है लेकिन प्रशासन व मंदिर प्रबंध समिति दर्शनार्थियों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवाने के प्रति गंभीर दिखाई नही देती है।

#### आय के ढूंढते नए स्त्रोत, खर्च के अधिकार नही, दानदाता करवा रहे सुविधा उपलब्ध-

माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति आय के नित नए स्त्रोत ढूंढती रहती है लेकिन नियम व कानून का हवाला देकर उस राशि को खर्च करने के अधिकार नही होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेती है। प्रबंध समिति को चढ़ावे, दान, हवन कुंड किराया आदि से करोड़ो रूपये की आय हो रही है बावजूद इसके वाहन पार्किंग के लिए ठेका देकर आय बढ़ाई जा रही है यहाँ तक कि दानदाता द्वारा बनाये गए जूता चप्पल स्टैंड पर भी दान पात्र रखकर वहाँ भी आय तलाश रही है। जोकि उपहास के साथ साथ भक्तों में जनचर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसी परिस्थिति से ऐसा प्रतीत होने लगा है जैसे प्रशासन व मंदिर प्रबंध समिति आस्था की आड़ में भक्तों की केवल जेब खाली करवाना चाहती है, सुविधा के नाम पर कुछ देना नही चाहती है।

विगत कुछ वर्षो में मंदिर पर जो कार्य हुवे है या सुविधाएं उपलब्ध हुई है उनमें से अधिकांश दानदाताओं के माध्यम से हुई है। एक करोड़ भक्त प्रतिवर्ष जिस मंदिर पर आते हो उस मंदिर के परिसर में छांव के लिए वर्षो तक फटी मैटी बांधी जाती रही थी जिसके स्थान पर दानदाताओं द्वारा आकर्षक डोम लगाया गया है। भक्तों को शुद्ध पेयजल के लिए आरओ हो या शीतल पानी के लिए वॉटर कूलर हो दानदाताओं द्वारा ही उपलब्ध करवाए जाते रहे है। अतिरिक्त हवन कुंड का निर्माण हो या वीआईपी पार्किंग में पेवर ब्लॉक लगाना हो दानदाता के माध्यम से ही हो रहा है। वर्षो से जनरेटर के लिए दानदाता ढूंढा जा रहा है। धर्मस्व विभाग द्वारा वर्षो पूर्व मंदिर के बाहर दर्शनार्थियों को बैठने आदि के लिए एक विशाल डोम बनवाया गया था उसे भी समिति द्वारा बेरिकेटिंग कर आम भक्तों के लिए अनुपयोगी बना दिया गया है जबकि यह बेरिकेटिंग सूर्यमुखी बाल हनुमान मंदिर के पीछे भी की जा सकती है। जहाँ छांव के लिए एक टीनशेड लगाया जा सकता है।

## 18 अभिषेक महा पूजन हुआ

### प्रसिद्ध नागेश्वर तीर्थ पर सीमंधर स्वामी परमात्मा को डायमंड आंगी अर्पण की गई



**नलखेड़।** प्रसिद्ध जैन तीर्थ नागेश्वर की धन्य धरा पर स्थित श्री सीमंधर स्वामी मंदिर एवं श्री जिन कुशल गुरु दादावाड़ी के प्रांगण में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के प्रथम दिवस बुधवार को परमात्मा को लाभार्थी महेंद्र सिंघी परिवार नई दिल्ली द्वारा आंगी अर्पण की गई। तथा दादा गुरुदेव को मुकुट अर्पण किया गया। बुधवार को नागेश्वर तीर्थ उन्हैल में सीमंधर स्वामी भगवान को डायमंड आंगी तथा श्री जिन कुशल सूरी दादा गुरुदेव को मुकुट लाभार्थी महेंद्र सिंघी नई दिल्ली परिवार द्वारा विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ साध्वी चंदनबाला श्री जी आदि ठाणा 10 की पावन निश्रा में अर्पण की गई। धार्मिक आयोजन के तहत बुधवार को ही दादावाड़ी परिसर में 18 अभिषेक महापूजन हुआ। विधि कारक प्रवीण भाई जैन रुनिजा द्वारा पूजन संपन्न करवाया गया। इस दौरान अखिल भारतीय खतरगच्छ संघ अध्यक्ष रिखबचंद झाडजूर, नागेश्वर दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष अशोक कोठारी, उपाध्यक्ष बसंत सिंह श्रीमाल, सचिव सुरेश बांठिया, कोषाध्यक्ष नितेश बांठिया, अशोक चोपड़ा, यशवंत लोढ़ा, डॉ सुनील चोपड़ा, नरेंद्र लोढ़ा, अनुराग चोपड़ा, अष्टापद तीर्थ सचिव रविंद्र श्रीमाल उपस्थित रहे। बुधवार को नवकारसी के लाभार्थी मांगीलाल पगारिया परिवार रायपुर, साधार्मिक वात्सल्य लाभार्थी बादलिया परिवार कोलकाता, सायं के साधार्मिक लाभार्थी जितेंद्र कुमार नाहटा परिवार इंदौर सहित कई श्रावक-श्राविका भी उपस्थित थे। शाम को प्रभु भक्ति का आयोजन हुआ जिसमें अमन आं च लि या आलोट द्वारा प्रभु भजनों की प्रस्तुति दी गई। गुरुवार को दादावाड़ी तीर्थ परिसर में सीमधर स्वामी मंदिर की चतुर्थ वार्षिक ध्वजा विधि विधान के साथ प्रातः 9 बजे साध्वी मंडल की निश्रा में लाभार्थी अजय कुमार चोपड़ा परिवार महिदपुर द्वारा चढ़ाई जाएगी, साथ ही दादा गुरुदेव की अमर ध्वजा हेमचंद इंदुजी बैराठी परिवार जयपुर द्वारा चढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही नूतन चंदनबाला आराधना भवन व विचक्षण चंद्र भवन का शुभारंभ भी आज होगा।



## तौल पर्ची का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक किया

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 7 लाख 48 हजार किसानों से 39 लाख 2 हजार मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया है की तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक तथा देयक जारी करने का समय रात 12 तक कर दिया गया है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि अभी तक 14 लाख 75 हजार किसानों द्वारा गेहूँ उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कराए गए हैं। किसानों के हित में गेहूँ उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 तक की गई। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल कांटों की संख्या में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिए जाने का निर्णय लिया गया।

## लाड़सिंह बौद्ध ने पार्क में डॉ.अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष पुस्तकों का किया वितरण

**सीहोर।** सीहोर के अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 के अम्बेडकर पार्क में बहुजन उत्सव समिति के अध्यक्ष लाड़सिंह बौद्ध ने जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर नागरिकों फल फुरड व मीठाई का वितरण कर डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया व संविधान की पुस्तकों का वितरण कर सभी को देश के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा के साथ संविधान को अंगीकार करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामचरण दसलानिया, नागेश सर, दयाराम गवाटिया, मिथुन जांगड़े, घनश्याम जाटव, गिरधारलाल मालवीय, जगदीश, सचिन कटारिया, रोहित बौद्ध, संतोष बामनिया, भरत, अमन तथा महिला मण्डल नेत्री प्रेमलता शैल, रोहिनी, कृष्णा सूर्यवंशी, टीना कर्मा, प्रमिला डेरिया आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## दो प्रगणक द्वारा सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण



**नलखेड़ा।** तहसील में दो हाउस लिस्टिंग ब्लॉक के प्रगणकों द्वारा सौ प्रतिशत जनगणना कार्य पूर्ण कर देने पर उनका सम्मान किया गया। तहसील के हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रमांक 25 गुजरखेड़ी के प्रगणक मनोहरलाल शर्मा एवं हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रमांक 39 कोटड़ी के प्रगणक बालचंद शर्मा द्वारा जनगणना कार्य सौ प्रतिशत पूर्ण कर देने पर बुधवार को तहसील कार्यालय पर नायब तहसीलदार रामगोपाल शर्मा द्वारा पुष्पहार पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की तो बजरंग दल लेगा बड़ा एक्शनः शर्मा

# गौवंश की हत्या और गौ चमड़े का व्यापार करने वालों के मकानों पर चलाया जाए बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत और जिला पदाधिकारियों में प्रशासन द्वारा गौ परिवहन, गौ हत्या, गोमांस का विक्रय और गौमाता के चमड़े से संबंधित आरोपियों व्यापारियों पर सख्त कार्रवाही नहीं किए जाने को लेकर कड़ा आक्रोश बना हुआ है। विहिप के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ नैतिक शिक्षा प्रमुख सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रांत प्रमुख गोपाल राठी, प्रांत गौरक्षा उपाध्यक्ष अजीत शुक्ला, प्रांत सतसंग दल टोली सदस्य विवेक राठौर, विभाग संगठन मंत्री भानू सिंह राजपूत, विभाग सहमंत्री मोहन भाटी, जिला अध्यक्ष रेवाशंकर जाट, जिला सहमंत्री कमलेश कुकुंदा, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा, जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाह ने मंगलवार को कलेक्टर बालागुरू से मिलकर मांग पत्र दिया।

विहिप ने गौवंश की हत्या करने वालों और गौ चमड़े का अवैध व्यापार करने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा लगाकर गिरफतार करने और उनके मकानों दुकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग की। विहिप ने कहा कि आठ दिनों के अंदर अगर प्रशासन आरोपियों पर कार्रवाही नहीं करता है तो बजरंग दल स्वयं ही आरोपियों पर कड़ा एक्शन लेगा।



#### अल्फा प्रोटीन चमड़ा फैक्ट्री को बंद कराया जाए

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और सकल हिंदू समाज ने जिला प्रशासन को अत्यंत गंभीर, संवेदनशील एवं जनभावनाओं से जुड़े विषय को लेकर कहा कि कस्बा क्षेत्र में स्थित बूचडख़ाने के पास गौमाता के गोमांस एवं चमड़े को बेचने के उद्देश्य से गौ माता को निर्मम तरीके से काटा गया, जिसकी सूचना सकल हिंदू समाज को प्राप्त होते ही सकल हिंदू समाज में रोष की भावना उत्पन्न हो गया था लेकिन प्रशासन के द्वारा ठोक कार्रवाही नहीं की गई। इसी प्रकार कांकडख़ेड़ा स्थित अल्फा प्रोटीन नामक चमड़ा फैक्ट्री में 27 अप्रेल को गौमाता के चमड़े के अवैध व्यापार की घटना सामने आई।

उक्त चमड़ा फैक्ट्री के विरुद्ध भी प्रशासन के द्वारा कोई भी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही नहीं की गई। फैक्ट्री संचालक आज भी अपनी फैक्ट्री उसी क्रम में संचालित होकर चला रहा है, फैक्ट्री के जिस हिस्से में उक्त गौमाता का चमड़ा पाया गया था उसको प्रशासन के द्वारा सील नहीं किया गया।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की है कि गौमाता के चमड़े, गोमांस, गौमाता का परिवहन करने वाले वाहन को जब्त कर उसका रजिस्ट्रेशन निरस्त किया जाये और वाहन को राजसात किया जाए। गौमाता को काट कर गोमांस कहा-कहा दिया गया ऐसे खरीदने व बेचने वाले दोषी व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही की जाए और उन सभी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर उनकी दुकानें सील की जाएं।

जिन-जिन दुकानों पर गोमांस की सप्लाई की गई उन्हें चिन्हित किया जाकर उन दुकानों के पास खाद्य विभाग की परमिशन है या नहीं जांच की जाये और उक्त दुकानों को चिन्हित कर उन दुकानों को तोड़ा जाये एवं दुकानदारों पर रा.सु.का. की कायज़्वाही की जाये।

गौमाता के परिवहन, गोमांस, गौहत्या एवं गौमाता के चमड़े के व्यापार में जो-जो व्यक्ति लिप्त हैं उन सभी व्यक्तियों के मकानों को चिन्हित कर मकान तोड़े जाएं एवं साथ ही इन सभी लोगों के खिलाफ रा.सु.का. की कार्यवाही की जाए।

#### बूचड़खानों व चमड़ा व्यापार पर हो कार्रवाही

अवैध रूप से संचालित बूचडख़ानों एवं चमड़ा व्यापार से जुड़े नेटवर्क की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। गाय काटने वाले एवं गोमांस खरीदने वालों के मकान व दुकान चिन्हित किए जाएं एवं उन पर बुलडोजर चलाकर तोड़े जाने की कार्यवाही की जाए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, खाचरौद जिला-उज्जैन (म.प्र.)**

फोन - 07366-231042 फैक्स नं.-07360-231030 E-mail-cmokhachrod@mpurban.gov.in

क्रमांक/रा.शा./2026/911 (नामान्तरण विज्ञप्ति) खाचरौद, दिनांक 6/5/2026

इस सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है निम्नांकित विवरण के भवन/भूमि के स्वामित्व/ उत्तराधिकारी की ओर से आवेदन पत्र इस कार्यालय में म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 (1)-(2)-(3) के अनुसार नाम परिवर्तन सम्पत्तिकर संग्रहण रजिस्टर में दर्ज की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाना है । अतः जिस किसी को नाम लागू किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक से 30 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप से गय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं निकाय द्वारा प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

| क्रं. | प्रकरण क्रमांक | भकान नं / प्लाट | वार्ड | मोहल्ले का नाम | वर्तमान न.पा. रिकार्ड में. दर्ज | हस्तांतरणकर्ता का नाम | भवन / भूमि जिसके नाम होना है | नामांतरण चाहे जाने का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 89 x 7(9) / 2026 | प्लाट | 4 | रावत पथ | नही | शाकीर शा पिता उमर शाह | अकबर शा पिता उमर शाह | हक त्याग |
| 2 | 90 x 7(9) / 2026 | 261/5 | 2 | जवाहर मार्ग | निशा पति जितेन्द्र मीणा, पियुष पिता जितेन्द्र मीणा | निशा पति जितेन्द्र मीणा, पियुष पिता जितेन्द्र मीणा | निशा पति निमेश कपूर | विक्रय पत्र |
| 3 | 91 x 7(9) / 2026 | 54 | 2 | लंगर कालोनी | गोपालस्वरूप पिता लक्ष्मीनारायण संत बाबु | गोपालस्वरूप पिता लक्ष्मीनारायण संत बाबु | राधा संत पिता गोपाल स्वरूप संत सचिन संत पिता गोपाल स्वरूप संत | मृत्यु प्रमाण पत्र/शपथ पत्र |
| 4 | 92 x 7(9) / 2026 | 29 का भाग | 15 | लक्ष्मीबाई मार्ग | मोहम्मद सलीम पिता शाबीर हुसेन | मोहम्मद सलीम पिता शाबीर हुसेन | मोहम्मद सलीम पिता शाबीर हुसेन | विक्रय पत्र |
| 5 | 93 x 7(9) / 2026 | 41 | 16 | सुगन गली | मृणाल पिता कैलाशचन्द्र | मृणाल पिता कैलाशचन्द्र | राहुल पिता मूलचन्द राठोर | विक्रय पत्र |
| 6 | 94 x 7(9) / 2026 | 19 | 8 | गरगामा गली | कमलाबाई पति बगदीराम आन्नदीबाई पति, रामलाल पोपण्डिया | कमलाबाई पति बगदीराम आन्नदीबाई पति, रामलाल पोपण्डिया | कमलाबाई पति बगदीराम धाकड | शपथ पत्र |
| 7 | 95 x 7(9) / 2026 | भवन | 13 | पटेल कालोनी | दुगार्बाई पति मांगीलाल चौहान | दुगार्बाई पति मांगीलाल चौहान | चंदा शर्मा पति दिनेश शर्मा | विक्रय पत्र |
| 8 | 96 x 7(9) / 2026 | 124/3 | 9 | महात्मा गांधी मार्ग | अभिषेक पिता प्रहलादचन्द्र राठोर | अभिषेक पिता प्रहलादचन्द्र राठोर | नारायण पिता कैलाशचन्द्र किलोरिया | विनिमय मत्र |
| 9 | 97x 7(9) / 2026 | प्लाट | 11 | रतलाम रोड | नही | भागीरथ, लक्ष्मण, रामचन्द्र बाबुलाल पिता भेरूलाल | रामप्रसाद पिता ठाकरसिंह चौहान | विक्रय पत्र |
| 10 | 98 x 7(9) / 2026 | 117 का भाग | 15 | विक्रम मार्ग | रामकुवर बाई पति भेरूलाल | रामकुवर बाई पति भेरूलाल | जगदीश, कैलाश पिता भेरूलाल बामता | मृत्यु प्रमाण पत्र/शपथ पत्र |
| 11 | 99 x 7(9) / 2026 | बी 114 | 2 | शिवांश पैराडाईस | ललीताबाई पति रामकिशन नायमा | तलीताबाई पति रामकिशन नायमा | काजल पिता घनश्यामउ ठनना | विक्रय पत्र |
| 12 | 100 x 7(9) / 2026 | भवन | 2 | छाजेड कालोनी | बसंतीबाई पति बाबुलाल खेरवाड | बसंतीबाई पत्ति बाबुलाल खेरवाड | राजेन्द्र पिता बाबुलाला खेरबाड | मृत्यु प्रमाण पत्र/शपथ पत्र |
| 13 | 101 x 7(9) / 2026 | 76 | 2 | लंगर कालोनी | अनमोल पिता मनोज पाण्डे | अनमोल पिता मनोज पाण्डे | कुसुम पति विक्रम कुमार शर्मा | विक्रय पत्र |
| 14 | 102 x 7(9) / 2026 | प्लाट | 21 | नागदा रोड | राजेश पिता बसंतीलाल दर्जी | राजेश पिता बसंतीलाल दर्जी | संध्या पति प्रहलाद गोहर | विक्रय पत्र |
| 15 | 103 x 7(9) / 2026 | प्लाट | 8 | लालबाई फुलबाई चौक | नही | दिनेश पिता रमेश नायमा | ईश्वरलाल पिता रामचन्द्र नायमा | विक्रय पत्र |
| 16 | 104 x 7(9) / 2026 | प्लाट | 13 | रामद्वारा के पिछे | नही | भेरूलालपिता गोरधनलाल माली आदि | भोलाराम पिता केशरलाल जाट | विक्रय पत्र |
| 17 | 105 x 7(9) / 2026 | 4 | 1 | जवाहर मार्ग | अवंतीलाल पिता चुन्नीलाल मीणा | अवंतीलाल पिता चुन्नीलाल मीणा | छोटीबाई पति 'अवंतीलाल, मनीष, सत्यनारायण निर्मला पिता अवंतीलाल मीणा | मृत्यु प्रमाण पत्र/शपथ पत्र |
| 18 | 106 x 7(9) / 2026 | 33 | 9 | भरत पथ | अवंतीलाल पिता चुन्नीलाल मीणा | अवंतीलाल पिता चुन्नीलाल मीणा | छोटीबाई पति अवंतीलाल, मनीष, सत्यनारायण निर्मला पिता अवंतीलाल मीणा | मृत्यु प्रमाण पत्र/शपथ पत्र |
| 19 | 107 x 7(9) / 2026 | प्लाट | 21 | नागदा रोड | बुरहानुददीन पिता अदनान सरपरस्त माता फरीदा पति हातीम भाई | बुरहानुददीन पिता अदनान सरपरस्त माता फरीदा पति हातीम भाई | सुनीता पति नन्दलाल मंडावलिया | विक्रय पत्र |
| 20 | 108 x 7(9) / 2026 | 54 का भाग | 3 | जवाहर मार्ग | सुशीलाबाई पति शांतिलाल, पताशीबाई पतिः शांतिलाल | सुशीलाबाई पति शांतिलाल, पताशीबाई पति शांतिलाल | कैलाशचन्द्र पिता नंदलाल मालवी | विक्रय पत्र |
| 21 | 109 x 7(9) / 2026 | 5 | 6 | कृष्णा गली | प्रेमनारायण पिता कन्हैयालाल धाकड | प्रेमनारायण पिता कन्हैयालाल धाकड | दिनेश वीर पिता कन्हैयालाल | विक्रय पत्र |
| 22 | 110 x 7(9) / 2026 | 42 | 20 | अरिहंत रेसिडेन्सी | चौरडीया एण्ड कम्पनी शैलेन्द्र पिता सोहनलाल | चौरडीया एण्ड कम्पनी शैलेन्द्र पिता सोहनलाल | धीरज पिता मनोहरलाल राठोर | विक्रय पत्र |
| 23 | 111 x 7(9) / 2026 | प्लाट | 2 | जावरा रोड | नही | खलील पिता मोहम्मद रफीक | भानू पति अशोकदास बैरागी | विक्रय पत्र |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खाचरौद**

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग किसान से मंडी के बाहर 31 हजार उड़ाए

**देवास।** बुजुर्ग किसान से 31 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने मंडी के बाहर बस का इंतजार कर रहे किसान को बातों में उलझाकर वारदात को अंजाम दिया। जानकारी अनुसार, उज्जैन जिले के बोरदा धाकड़ निवासी करीब 70 वर्षीय किसान समंदर सिंह मंगलवार को मक्सी रोड स्थित मंडी में अपनी उपज बेचने आए थे। उपज बेचने के बाद उनके पास 31 हजार रुपये की नकदी थी। किसान मंडी के सामने बस का इंतजार कर रहे थे, तभी दो बाइकों पर सवार चार युवक उनके पास पहुंचे। इनमें से दो युवकों ने किसान से रास्ता पूछने के बहाने बातचीत शुरू कर दी। महज 2 से 3 मिनट की बातचीत के दौरान बदमाशों ने किसान को इस तरह उलझाया कि उन्हें भनक तक नहीं लगी और कुर्ते के अंदर बनियान में रखे 31 हजार रुपये निकाल लिए। घटना के कुछ ही सेकंड बाद किसान को एहसास हुआ तो उन्होंने बदमाशों का पीछा भी किया। हालांकि, तब तक चारों आरोपी दोनों बाइकों से फरार हो चुके थे। इस पूरी वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना की सूचना मिलने पर बीएनपी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मप्र शिवसेना युवासेना में शर्मा राज्य उपप्रमुख, वर्मा प्रदेश महासचिव बने

**देवास।** मध्यप्रदेश में शिवसेना (शिंदे गुट) की युवासेना में संगठनात्मक स्तर पर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। राज्य प्रमुख अनुराग सोनार ने युवा नेतृत्व को मजबूत करते हुए रोहित शर्मा और सुनील वर्मा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। बताया जा रहा है कि 3 मई को मध्यप्रदेश की पूरी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था। इसके तुरंत बाद 5 मई को नई नियुक्तियों की घोषणा करते हुए रोहित शर्मा को पुनः राज्य उपप्रमुख बनाया गया और उन्हें पूरे मध्यप्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, सुनील वर्मा का कद बढ़ाते हुए उन्हें राज्य मुख्य सचिव (प्रदेश महासचिव) नियुक्त किया गया है। वे देवास जिले के जिला अध्यक्ष पद पर भी बने रहेंगे। इस बदलाव की पृष्ठभूमि में 18 अप्रैल को मुंबई में आयोजित शिवसेना युवासेना के राष्ट्रीय अधिवेशन को माना जा रहा है, जहां शीर्ष नेतृत्व ने मध्यप्रदेश की नई कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए थे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# सुचारू ट्रॉफिक व्यववस्था के लिए तिराहे से बस स्टैंड तक हटाएं अतिक्रमणः कलेक्टर

### जिले में सर्वे कराकर स्पीड ब्रेकर जांच करें एवं मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर बनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने यातायात व्यवस्था, महिला अपराध रोकथाम, एसटी/एससी अपराध, नशा मुक्ति, चिन्हित अपराध, गबन धोखाधडी और अवैध खनन संबंध विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक में निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एएसपी ट्राफिक एचएन बाथम, एसडीएम बागली शिवम यादव, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि शंभु अग्रवाल सहित जिला अधिकारीगण एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

#### अतिक्रमण हटाने पर दिया जोर

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के संबंध में कड़े दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक में मुख्य रूप से सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट्स के सुधार और अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर दुर्घटना मृत्यु दर अधिक है। इस पर कलेक्टर सिंह ने पुलिस विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर सघन 'ड्रिंक एंड ड्राइव' जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सिंह ने देवास शहर में अतिक्रमण हटाने एवं यातायात प्रबंधन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि शहर में एबी रोड और भोपाल रोड पर सर्विस रोड पर से अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने देवास में सिविल लाइन तिराहे से बस स्टैंड तक अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश नगर निगम, पुलिस और राजस्व विभाग को दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि बीच सड़क पर खड़े वाहनों के कारण लगने वाले जाम से निपटने के लिए क्रेन द्वारा कार्यवाही की जाए।

#### ढ़ाबा संचालकों पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर सिंह ने कहा कि हाइवे पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले ढ़ाबा संचालकों पर सख्त कार्यवाही करें। विशेष रूप से उन ढाबा संचालकों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं जिन्होंने अपनी सुविधा के लिए नेशनल हाईवे पर अवैध 'कट पॉइंट' बना लिए हैं। साथ ही, नियमानुसार न बने ढाबों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही के निर्देश भी दिये। सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में सर्वे कराकर जांच करें की मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर बनाए गए है या नहीं। जिले में मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर बनाये जाये। मानक अनुरूप न होने वाले ब्रेकरों को चिन्हित कर तोडा जाये और मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर बनाये। कलेक्टर सिंह ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टी अनिवार्य रूप से लगाई जाए, ताकि रात के अंधेरे में दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सभी पुलियाओं पर आवश्यक साइनेज लगवाए जाएंगे।

#### बिना लाइफ जैकेट नाव में न बैठाएं

कलेक्टर सिंह ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं के लिए मार्ग संकेतक और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी नाव संचालकों को निर्देशित करें कि बिना लाइफ जैकेट के किसी भी व्यक्ति को नाव में न बैठाएं। नियमों का उल्लंघन करने पर नाव संचालकों पर कार्यवाही की जाएगी।

#### रूटीन में चलाएं ट्रैफिक क्रेन

कलेक्टर सिंह ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि नेवरी फाटा एक संवेदनशील ब्लैक स्पॉट बन चुका है, जहां दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं। कलेक्टर सिंह ने तत्काल प्रभाव से नेवरी फाटे के आसपास से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने देवास-मक्सी रोड और देवास-भोपाल रोड पर चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार कार्य करने और मक्सी रोड व ए.बी. रोड पर पुल के नीचे से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। देवास शहर में एबी रोड एवं एमजी रोड पर रूटीन में ट्रॉफिक क्रेन चलाते रहें। उन्होंने सुचारू ट्रॉफिक व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।

# पेट्रोल खत्म होने पर रुके बाइक सवार से बदमाशों ने अकाउंट में डलवाए रुपए

### ट्रांजैक्शन डिटेल से पकड़ाए बदमाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बाइक सवार से नेशनल हाईवे पर लूट के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को तीन बदमाशों ने दो युवकों से लूट की थी। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने बुधवार को इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पेट्रोल खत्म होने पर सडक़ किनारे रुके युवकों को डरा-धमकाकर उनसे पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए थे। पुलिस ने डिजिटल लेनदेन के डेटा के अनुसार पूरी वारदात का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, 4 मई को विशाल पालसिया ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वे अपने भाई कपिल के साथ देवास में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद रात करीब 1:30 बजे इंदौर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, लोहार पिपलिया के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। जब वे बाइक को धक्का देकर पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे, तभी देवास की ओर से बाइक पर सवार तीन युवक आए। उन्होंने युवकों को धमकाया और 10,000 रुपये मांगे। पैसे न देने पर उनके साथ मारपीट की गई और जबरन पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाकर आरोपी फरार हो गए। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने अज्ञात आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश दिए। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस ने डिजिटल ट्रेल का उपयोग करते हुए सक्रियता दिखाई और महज 12 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में वीरेंद्र पिता पर्वत चौहान (25), भरत पिता राजेश रायकवार (26) और भरत पिता भगवान मांझी (25) शामिल हैं। सभी आरोपी भेरुगढ़, देवास के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है।

### जेठमल पालीवाल की स्मृति में बनेगा उद्यान, विधायक सोनकर ने दी सौगात



**भौरासा।** नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता, पितृ पुरुष एवं जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे स्व. जेठमल पालीवाल की स्मृति में उद्यान निर्माण और उनकी प्रतिमा स्थापना की मांग वर्ष 2008 से लगातार की जा रही थी, जिसे पूरा करने हाल ही में विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने ने नगर को 51 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी है, जिसके अंतर्गत स्व. पालीवाल की स्मृति में उद्यान निर्माण, उनकी प्रतिमा स्थापना तथा एक सार्वजनिक शौचालय के निर्माण को मंजूरी दिलाई गई है। इस अवसर पर आकाश जैन, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल, एल्डरमैन प्रदीप मंत्री, मुकेश कुमावत, गोरधन बोडाना, पार्षद प्रतिनिधि विनोद डोडिया, नीरज ठाकुर, ओमप्रकाश जायसवाल, बद्रीलाल लोधी, हीरालाल चावड़ा, मांगीलाल पटेल, सुरेश लोधी, मौसम माली, विनायक माली, आयुष माली, हर्ष पालीवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन संबंध में सीईओ ने ली बैठक



**देवास।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास ज्योति शर्मा ने जिले में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जन अभियान परिषद की बैठक ली गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' अंतर्गत जिले की पारंपरिक जल संरचनाओं के पुनरुद्धार और संरक्षण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गैर सरकारी संस्थाओं से जल संरचनाओं के संरक्षण हेतु जन भागीदारी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में शर्मा ने निर्देश दिये कि कुंओं, बावड़ियों, तालाबों, नदियों जैसे जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जल स्त्रोतों के आस-पास पौधरोपण से स्थानीय नागरिकों को जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएं। इसके लिए सभी गांवों, नगरों के सभी वार्डों में नागरिकों को सामूहिक श्रमदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है। अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में खेत तालाब निर्माण, रिचार्ज पिट और चेक डेम गहरीकरण जैसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे। बैठक में डीसी/बीसी जन अभियान परिषद जिला पंचायत के प्रभारी अधिकारी मनरेगा एवं एसबीएम उपस्थित थे।

# डॉ. गर्ग ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से भेंट कर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में जन्मे डॉ. सुभाष गर्ग ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भौरासा से प्राप्त कर आज देश के विभिन्न बड़े शहरों में बच्चों में बढ़ रही मानसिक एवं व्यवहारिक समस्याओं जैसे ऑटिज्म के सफल उपचार के लिए पहचान बनाई है।

कम उम्र में ही उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर वे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। इंदौर के एक निजी मेडिकल कॉलेज से शिक्षा पूर्ण करने के बाद डॉ. गर्ग वर्तमान में उसी संस्थान में प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और अपने अनुभव से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनकी मेहनत और समर्पण के चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित कई जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें एवं उनकी पत्नी डॉ. प्रियंका गर्ग को सम्मानित किया जा चुका है।इसी क्रम में हाल ही में डॉ. सुभाष गर्ग एवं डॉ. प्रियंका गर्ग ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। भेंट में मुख्य रूप से हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में संभावित सुधारों पर विचार-विमर्श किया गया।

खासतौर पर बच्चों में बढ़ रही मानसिक एवं व्यवहारिक समस्याओं के नियंत्रण और प्रबंधन पर चर्चा करते हुए डॉ. गर्ग दंपति ने स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण में कमी और सतत ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को महत्वपूर्ण बताया। गडकरी ने भी हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है और इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को प्रधान न्यायाधीश मिश्र ने प्रचार रथ किए रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 09 मई को जिला न्यायालय परिसर देवास में "नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने बुधवार को "नेशनल लोक अदालत" के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वाहन रैली द्वारा विद्युत विभाग के वाहनों द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार एवं विद्युत विभाग की ओर से दी जाने वाली छूट के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नगर निगम विभाग द्वारा भी प्रचार वाहनों के माध्यम से विशेष छूट का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर श्री विकास शर्मा विशेष न्यायाधीश प्रभारी नेशनल लोक अदालत, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड पंचम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह बहरावत चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रोहित श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीलेन्द्र कुमार तिवारी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, दीक्षा मौर्य व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, कुं. युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अभिजीत सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, किरण सिंह व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, रश्मि अभिजीत मरावी व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, नेहा उपाध्याय, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, चंद्रा पंवार व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, मुस्कान अरोरा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी देवास एवं लीगल डिफेंस काउंसिल के सदस्यगण, पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वालंन्टियर, विद्युत विभाग, नगरनिगम विभाग के अधिकारीगण, न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### स्वच्छता सर्वेक्षण-2026: मिशन मोड में निगम आयुक्त, सौंपी जिम्मेदारियां

# लापरवाही पर सेवा समाप्ति की चेतावनी, अधिकारी होगा जवाबदेह



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निगम आयुक्त दलीप कुमार ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर गाइडलाइन के अनुरूप व्यवस्थाओं की समीक्षा की और सभी अधिकारियों को क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपीं। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी अपने विभागीय कार्यों के साथ-साथ आवंटित क्षेत्रों की स्वच्छता व्यवस्था की भी नियमित निगरानी करें। कहीं भी कमी पाए जाने पर उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

इसके अलावा अनुभूति श्रीवास्तव, सूर्यप्रकाश तिवारी, रविकृष्ण गोयनार, विशाल जगताप, हेमंत उबनारे, दिनेश मिश्रा एवं दानिश मंसूरी को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने रेस्टोरेंट, फल-सब्जी विक्रेताओं, स्ट्रीट वेंडर्स व चाट-चौपाटी क्षेत्रों में अलग-अलग डस्टबिन की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही सभी दरोगाओं को वार्ड स्तर पर सफाई, नाला सफाई, कचरा प्रबंधन और गीला-सूखा कचरा पृथक्करण पर विशेष ध्यान देने को कहा। रहवासियों से सतत संवाद बनाए रखते हुए फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त दलीप कुमार ने चेतावनी दी कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों की सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपायुक्तों को वार्डों में दरोगा और सफाई मित्रों की उपस्थिति की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

#### अधिकारियों को सौंपे दायित्व

- देवबाला पिपलोनिया (उपायुक्त): 16 रहवासी क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था
- जाकिर जाफरी (उपायुक्त): व्यावसायिक क्षेत्रों में सफाई, गार्बेज निरीक्षण व चेकिंग
- आरती खेडेकर (उपायुक्त): स्लम क्षेत्र, थोक कचरा उत्पादक व उसका प्रबंधन
- दीपक पटेल (उपायुक्त): जलीय संरचनाओं एवं आसपास की सफाई
- इंदुप्रभा भारती (प्रभारी ईई): आरआरआर सेंटर, सीटीयू एवं सौंदर्यीकरण कार्य
- जगदीश वर्मा (सहायक यंत्री): उद्यानों की सफाई, कंपोस्ट पिट व कचरा निष्पादन, ट्रीटमेंट प्लांट
- सौरभ त्रिपाठी (एसबीएम नोडल): 29 रहवासी क्षेत्रों में नाला–नालियों की सफाई व समग्र तैयारी
- जितेंद्र सिसोदिया (उपयंत्री): फाउंटेन, मूत्रालय, सामुदायिक शौचालय व नालों की सफाई, सर्वे

### नम आंखों से दी पत्रकार योगी को अंतिम विदाई, बेटियों ने दी मुखाग्नि



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बागली के मिलनसार और निष्पक्ष छवि वाले पत्रकार स्व. राजेन्द्र योगी के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार दोपहर इंदौर के एक निजी चिकित्सालय में साइलेंट अटैक के दौरान उपचार के बीच उन्होंने अंतिम सांस ली।यह दुखद समाचार जैसे ही बागली पहुंचा, नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया। स्व. योगी अपनी बेबाक और निर्भीक पत्रकारिता के लिए पहचाने जाते थे। उन्होंने सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से हमेशा क्षेत्रीय समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मंगलवार सुबह 10 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और पत्रकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। बागली मुक्ति धाम में आयोजित शोकसभा में वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पत्रकारों और समाजसेवियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार के दौरान उस समय माहौल बेहद गमगीन और भावुक हो गया, जब उनकी दो मासूम बेटियों ने पिता की पार्थिव देह को मुखाग्नि दी।

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरीसर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम लखनपुरा निवासी रमान्ती देवी ने पुलिस को बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र रविंद्र कुमार सोमवार 4 मई की सुबह करीब 6.30 बजे अपनी बाइक से काम पर जाने के लिए घर से निकला था। जैसे ही वह ग्राम बम्होरीसर के पास पहुँचा, ललितपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रविंद्र की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घायल युवक को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### कटरा बाजार में टप्पेबाजी बैग से 1.30 लाख पार

**ललितपुर।** शहर के व्यस्ततम इलाके कटरा बाजार में दिनदहाड़े टप्पेबाजी की वारदात सामने आई है। तीन अज्ञात चोरों ने एक युवक के भाई के बैग से 1 लाख 30 हजार रुपए की नकदी पार कर दी। घटना उस समय हुई जब पीड़ित बाजार में खरीदारी कर रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महरौनी के ग्राम चढ़रऊ निवासी सौरभ पटेल ने कोतवाली सदर में शिकायत दर्ज कराई है कि आगामी 6 मई को उनके घर में विवाह समारोह है। इसी सिलसिले में वह शनिवार (2 मई) दोपहर करीब 3 बजे अपने भाई अन्नू के साथ कटरा बाजार स्थित एक जनरल स्टोर पर खरीदारी करने आए थे। भाई अन्नू ने पीठ पर एक बैग टांगा हुआ था, जिसमें शादी की खरीदारी के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए रखे थे। पीड़ित के अनुसार, जब वह दुकान पर थे, तभी तीन अज्ञात व्यक्ति पीछे से आए और बड़ी चालाकी से बैग खोलकर उसमें रखे पैसे निकालकर चंपत हो गए। यह पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घर में शादी का कार्यक्रम होने के कारण परिवार को इस चोरी से भारी आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### युवक पर हमला, चेन और मोबाइल गायब

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कंपनी बाग में शनिवार रात टहलने गए एक युवक पर पुरानी रंजिश या विवाद के चलते जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सिविल लाइन चांदमारी निवासी सक्षम रावत पुत्र जितेन्द्र रावत ने बताया कि उसका मोबाइल फोन, सोने की चेन और ईयरफोन कहीं गिर गए या छीन लिए गए।

---

अदालत के सफल आयोजन के लिए आम जनता तक जानकारी पहुंचाने का प्रयास

# राष्ट्रीय लोक अदालत में जन भागीदारी के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जनपद न्यायालय परिसर, ललितपुर से प्रचार-वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।




प्रचार-वाहन जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा तथा आमजन को इसके लाभों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर देवप्रिय सारस्वत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ने उपस्थित मीडिया पत्रकार के माध्यम से आमजन से अपील की कि वे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के माध्यम से कराएं और लोक अदालत की व्यवस्था का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश नन्दप्रताप ओझा,, कुटुम्ब न्यायालय, विकास कुमार, अपर जिला जज (एस.सी./एस.टी. एक्ट); सुनील सिंह, अपर जिला जज (डकैती); नवनीत कुमार भारती, अपर जिला जज (पॉक्सो एक्ट); नीरज कुमार महाजन, अपर जिला जज (ई.सी. एक्ट), सुश्री अदिति जैन, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) (एफ.टी.सी.); सुश्री श्वेता सिंह, सिविल जज (जूनियर डिवीजन); नवीन कुमार पांडे, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) (एफ.टी.सी.); राखी भदौरिया, अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), ललितपुर सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल एड डिफेन्स काउंसिल, पराविधिक स्वयंसेवक एवं कर्म्नचारीगण उपस्थित रहे।

---

शहर की सड़क चौड़ीकरण में जनता से सहयोग की अपील

# फुटपाथ रेहड़ी, फल, सब्जी के विक्रेताओं के लिए स्थान सुनिश्चित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने, सड़कों के चौड़ीकरण तथा महानगरों की तर्ज पर नगर को अतिक्रमण मुक्त कर समग्र विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश जी के निर्देशन में स्टेशन से लेकर गेंदालाल पेट्रोल पंप तक अतिक्रमण हटाओ अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है।



इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। अभियान के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी दुकानदारों हेतु व्यवस्थित एवं निर्धारित स्थान चिन्हित करते हुए उन्हें वहां व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पालिका द्वारा किए गए चिन्हीकरण के तहत फल विक्रेताओं को चर्च के बाईं ओर, ईसाई मिशन स्कूल के पास चूना डालकर स्थान निर्धारित किया गया है। वहीं सब्जी विक्रेताओं को पानी की टंकी से लेकर चर्च के समीप तक निर्धारित स्थान पर अपनी दुकानें लगाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सभी रेहड़ी-पटरी दुकानदार निर्धारित स्थलों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करें। यदि कोई भी दुकानदार मुख्य मार्ग, सड़क अथवा पटरी पर अतिक्रमण करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करते हुए उसका सामान जब्त किया जाएगा। नगर पालिका परिषद, के समस्त नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करती है कि वे नगर के सुव्यवस्थित एवं सुचारु विकास में सहयोग प्रदान करें।

---

# जनपद में जनगणना 2027 का प्रथम चरण आज से शुरू होगा: एडीएम

## 22 मई से 20 जून तक प्रगणक मकानों की गणना करेंगे

- परिवार के सदस्य पोर्टल पर मोबाइल नंबर और ईमेल आई डी से लॉगिन कर सकेंगे।
- सभी प्रविष्टियों की अनुभागवार समीक्षा करें, इस चरण में संपादन संभव है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि जनपद में जनगणना 2027 की प्रक्रिया प्रदेश में शुरू होने जा रही है जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में स्वगणना 7 से 21 मई तक चलेगी और 22 मई से 20 जून तक प्रगणक द्वारा मकानो की गणना की जायेगी। जनगणना के लिए 34 प्रश्नो के उत्तर देने होंगे, जिसमें परिवार व मकान संबंधी जानकारी शामिल होगी। उन्होंने बताया कि सबसे पहले 7 मई से स्वगणना की प्रक्रिया शुरु हो जायेगी, जो 21 मई तक चलेगी। उस दौरान परिवार के सदस्य पोर्टल पर अपने मोबाइल नम्बर और ईमेल आई डी से लॉगिन कर सकेंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद मिल जायेगी, जिसे अपने पास सुरक्षित रखा जाना है, और जब प्रगणक आएं तो यह रउनसे शेयर करना है। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक मकान सूचीकरण का कार्य शुरु हो जाएगा, तब प्रत्येक घर में प्रगणक पहुँचेंगे और मकान सूचीकरण का कार्य करेंगे।

उन्होंने स्वगणना की प्रक्रिया के चरणों के बारे में बताया है कि स्वगणना हेतु परिवार के सदस्य मेल पर जाकर राज्य, केंद्र शासित प्रदेश चुनें और कैप्चा दर्ज करें। मानचित्र पर चिन्हाकन लगाने के लिए लैपटॉप या डेस्कटॉप कंप्यूटर का उपयोग करें। पंजीकरण के लिए परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी (वैकल्पिक) दर्ज करें। एक बार पंजीकरण हो जाने पर नाम बदला नहीं जा सकेगा और प्रति परिवार एक मोबाइल नंबर होगा। इसके बाद अपनी पसंदीदा भाषा चुनें और पंजीकृत मोबाइल पर भेजे गए ओटीपी को दर्ज करें। भाषा को बाद में बदला नहीं जा सकता। इसके उपरान्त जिला चुनें, पिन कोड दर्ज करें (वैकल्पिक), गांव/कस्बा, इलाका, पहचान चिह्न दर्ज करें और खोजे पर क्लिक करें। लाल मार्कर को आवासीय भवन के ऊपर सटीक स्थान पर खींचें; सेव करें और अगला पर क्लिक करें। हाउसलिस्टिंग ब्लॉक को सही करने के लिए रए डेटा असाइन करने में मदद करता है। टूलटिप्स, नोट्स और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का उपयोग करके मकान सूचीकरण और मकानों की गणना प्रश्नावली भरें। यह प्रश्नावली वही है जो जनगणना हेतु उपयोग की जानी है। अब सभी प्रविष्टियों की अनुभागवार समीक्षा करें, इस चरण में संपादन संभव है। इसे ड्राफ्ट के रूप में सहेज कर अंतिम तिथि से पहले जमा किया जा सकता है। इसके बाद अंतिम सबमिट पर क्लिक करें, अब इसमें कोई और बदलाव संभव नहीं है। जनरेट करके ईमेल के माध्यम से भेज दी जाएगी, इसका स्क्रीनशॉट ले लें और जब प्रगणक आए तो उनके साथ एसई आईडी साझा करें। यदि आईडी मेल खाती है, तो डेटा की पुष्टि हो जाती है, यदि नहीं, तो प्रगणक नए सिरे से डेटा एकत्र करता है।

---

तालाबपुरा मोहल्ले में जमीन की धोखाधड़ी का मामला

# फर्जी दस्तावेजों से बेश कीमती जमीन जबरिया हड़पने का आरोप, विरोध करने पर परिवार को धमकी भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तालाबपुरा मोहल्ले में जमीन की धोखाधड़ी और जानलेवा धमकी का एक बड़ा मामला सामने आया है। दबंगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक परिवार की पैतृक भूमि को अवैध रूप से बेच दिया और कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित परिवार को हथियारों के बल पर धमकाया। पुलिस ने 17 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### साजिश रचकर बेची करोड़ों की जमीन

तालाबपुरा निवासी शिकायतकर्ता पुष्पेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि उनकी आराजी नंबर 3147 (रकवा 2.82 एकड़) के वह और उनका परिवार वैध मालिक हैं। आरोप है कि क्षेत्र के भू-माफिया मुलायम सिंह, शनि उर्फ अजय और बॉबी यादव ने एक पूर्व नियोजित साजिश के तहत इस जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इन लोगों ने यह जानते हुए भी कि जमीन उनकी नहीं है, इसे अन्य कई लोगों (कृपाल सिंह, राजेश, अनिल, सुनील आदि) को बेच दिया और स्टाम्प पेपर पर अवैध कब्जा कराने की कोशिश की।

### घातक हथियारों के साथ हमला और धमकी

घटना का पता तब चला जब सोमवार, 4 मई को दोपहर करीब 2 बजे पीड़ित पक्ष अपनी जमीन पर पहुंचा। वहां अवैध कब्जा कर रहे लोगों को जब रोका गया, तो वह उग्र हो गए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पीड़ित परिवार पर घातक हथियारों से हमला करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। दबंगों ने यह भी धमकी दी कि यदि उन्हें रोका गया तो वह परिवार को बलात्कार और छेड़ख़ानी जैसे झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। पुलिस ने पुष्पेन्द्र कुमार जैन की तहरीर पर मुख्य आरोपी मुलायम सिंह, शनि उर्फ अजय, बॉबी यादव, रंधीर उर्फ पप्पू, बहोरन सिंह, कृपाल सिंह, राजेश, अनिल यादव, सुनील यादव, उमा, बृजेश, आकाश सेन, मीना, सौरभ जैन, मयंक जोशी, भारती यादव, किरन और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

# भीषण गर्मी को देखते हुए नेशनल हाईवे 44 पर प्यासे गले को तर करने के लिए प्याऊ का उदघाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए नेशनल हाईवे 44 पर जगह-जगह तिराहे चौराहा पर राहगीर यात्रियों के लिए जल व्यवस्था के लिए राजनीतिक दल सामाजिक संगठन निरंतर आगे आ रहे हैं। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिला अध्यक्ष केशवेंद्रसिंह बुंदेला ने निशुल्क जल सेवा प्याऊ का उद्घाटन कार्यकर्ताओं के साथ 44 पर चीरा पांचोंनी मार्ग पर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में लोकसत्ता के कार्यक्रम कार्यकर्ता राजपाल चीर सौरभ राजा राणा प्रधान रामेश्वर यादव मोहर्रम सिंह राजा महरौली सोनू पाठक इमलिया प्रधान साहू डॉ नरेंद्र डॉक्टर श्रीराम अनुष्ठान राजकुमार सेन पिंटू संदीप संजीव कन्नौज आनंद प्रियांशु आयुष विकास ग्राम चीरा राजेंद्र पचौनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



---

जीआरपी चला रही सघन चेकिंग अभियान

# रेलवे स्टेशन पर चेकिंग में शराब तस्कर पकड़ाया, अवैध शराब बरामद की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद की गई है, जिसे वह तस्करी के इरादे से ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में उपनिरीक्षक राजेश सिंह अपनी टीम के साथ सोमवार (4 मई) की रात करीब 12.15 बजे प्लेटफॉर्म नंबर एक पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान फुट ओवर ब्रिज के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के ग्राम दरियापुर निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई है। जब पुलिस ने उसके पास मौजूद बैग की तलाशी ली, तो उसमें से 90 शीशी अवैध देशी शराब (मसाला) बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी शराब से जुड़े कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका और उसने स्वीकार किया कि वह इसे ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जा रहा था। जीआरपी पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी राजेश सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश सिंह के साथ हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह और कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह शामिल रहे।

### राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाने के नाम रिश्वतखोरी का आरोप

**ललितपुर।** जिले के तालबेहट तहसील अंतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा में राशन विक्रेता (कोटेदार) पर राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाने के नाम पर ग्रामीणों से अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम नत्थीखेड़ा के कोटेदार राशन कार्ड में नई यूनिट जुड़वाने के बदले प्रति यूनिट एक हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस कथित वसूली का वीडियो साक्ष्य भी उनके पास मौजूद है, जिसमें कोटेदार पैसे लेते हुए दिखाई दे रहा है। शिकायतकर्ताओं पहलवान, रामबिन, पहलवान सिंह और कोमल सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने 4 मई को जिलाधिकारी को शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, राशन विक्रेता भगवान सिंह राजपूत ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया है।

---

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया

# रेलवे स्टेशन के पास हाईटेंशन तार डंपर पर गिरा, ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र के स्टेशन मार्ग पर मंगलवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क से गुजर रहे एक डंपर के ऊपर अचानक हाईटेंशन विद्युत तार टूटकर गिर गया। घटना के बाद मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि तार गिरते ही डंपर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को बीच सड़क पर ही रोक दिया और नीचे उतरने की जल्दबाजी नहीं की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल विद्युत विभाग से संपर्क कर बिजली आपूर्ति बंद कराई गई, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक तार टूटकर गिरने से मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई थी। हालांकि राहत की बात रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। नई बस्ती चौकी प्रभारी आलोक सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं सूचना पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने टूटे हुए तार को हटाने और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। घटना के चलते कुछ समय तक स्टेशन मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और विद्युत विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

---

जल के लिए परेशान न हो आम आदमी

# भीषण गर्मी में जल संकट को लेकर प्रशासन सख्त, रोजाना मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए

**ललितपुर।** भीषण गर्मी के चलते शहर में उत्पन्न पेयजल संकट को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। मंगलवार को सुपर मार्केट स्थित कंट्रोल कमांड सेंटर में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) संजय मिश्रा की अध्यक्षता एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों और सुपरवाइजरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी मिश्रा ने निर्देश दिए कि सभी सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी की रोजाना रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसमें पानी आने का समय, साफ एवं गंदे पानी की स्थिति, पाइपलाइन लीकेज, मोहल्लों में पानी की उपलब्धता की अवधि, बिजली आपूर्ति के कारण टंकियों की स्थिति, खराब हैंडपंपों की संख्या, टैंकरों की उपलब्धता और जल निगम द्वारा हो रही सप्लाई जैसे बिंदु शामिल होंगे। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी तय समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में शहर में पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कर निर्धारण अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, लिपिक हबीब खान, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कालपी सड़क हादसे पर विप्र समाज ने शोक जताया

ललितपुर। सर्व ब्राह्मण महामंडल जन कल्याण ट्रस्ट की शोक सभा परशुराम भवन में अशोक कुमार गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कालपी में हुई दुखद दुर्घटना में महरौनी के श्रद्धालुओं की असमय हुई मौत पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उनके परिवारजनों को इस संकट की घड़ी में धैर्य धारण की कामना की गई। शोक सभा में रामेश्वर प्रसाद, हरिश्चंद्र रावत, प्रदीप चौबे, उमाशंकर बिदुआ, आदित्य नारायण बबेले, डा.ओमप्रकाश शास्त्री, भगवत नारायण बाजपेयी, अशोक रावत, विलास पटेरिया, धर्मेंद्र रावत, निखिल तिवारी, अजय नायक, कमलापति रिछारिया, अजय पटैरिया, आनंद दीक्षित, हृदेश हुण्डैत, रविकांत दीक्षित, अंजू रिछारिया आदि उपस्थित रहे।

## जिले की सभी 133 मदिरा दुकानों पर क्यूआर कोड चस्पा करने के हैं निर्देश

# हवा में आयुक्त के निर्देश, मदिरा दुकानों पर नहीं लगे क्यूआर कोड

### जहां लगे वहां न निर्धारित साईज और न निर्धारित जीएसएम क्वालिटी की सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शराब ठेकेदारों द्वारा उपभोक्ताओं को मनमाने रेट पर शराब बेचे जाने के लगातार सामने आ रहे मामलों के बाद आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने पूरे प्रदेश के लिए एक सर्कुलर जारी किया था। सर्कुलर के मुताबिक प्रत्येक मदिरा दुकान पर संबंधित ठेकेदार को कम से कम 5 क्यूआर कोर्ड अपनी वाइन शॉप पर ए-3 साईज के पेपर में चस्पा करने थे।

यह क्यूआर कोड ई-आबकारी पोर्टल द्वारा जनरेट किया हुआ ही लगाना था। इसे स्कैन करते ही उपभोक्ता के मोबाइल पर संबंधित जिले की रेट लिस्ट खुल जाया करती है। कोई भी शराब ठेकेदार यदि निर्धारित एमएसपी से कम या एमआरपी से ज्यादा रेट पर शराब बिक्री करता है उपभोक्ता को मौके पर ही असलियत मालूम हो जाएगी और वो विभाग के टोल-फ्री नंबर पर इसकी शिकायत कर सकता था। आबकारी कमिश्नर के उक्त निर्देशों का राजगढ़ जिले में मखौल उड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, विभाग द्वारा इस साल जिले में कुल 133 मदिरा दुकानों के लिए लायसेंस जारी किए गए। हरिभूमि ने जब राजगढ़, ब्यावरा, खुजनेर, जीरापुर, नरसिंहगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों की कुछ मदिरा दुकानों पर पहुंचकर वस्तुस्थिति जानी तो किसी भी दुकान पर ए-3 साईज के पेपर में क्यूआर कोर्ड दुकान पर चस्पा नहीं मिला। हरिभूमि ने के पास 3 मई से लेकर 5 मई के बीच अलग-अलग दुकानों पर की गई वीडियो रिकार्डिंग मौजूद है जिनमें क्यूआर कोर्ड दर्शित नहीं पाया गया।

#### कुछ दुकानों पर दिखावे के लिए चस्पा

आबकारी कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मदिरा दुकान पर 250 जीएसएम क्वालिटी के ए-3 साईज के पेपर में ये क्यूआर कोर्ड दर्शित होना चाहिए। लेकिन, कुछ दुकानों पर खाना-पूर्ति के लिए ये कोड नजर तो आए लेकिन




वे निर्धारित साईज और क्वालिटी के स्टीकर पर नहीं मिले।

#### दबी जुबान में बोले उपभोक्ता

हरिभूमि ने जब अधिकांश मदिरा दुकानों पर एमआरपी से ज्यादा रेट में बेची जा रही शराब के संबंध में कुछ उपभोक्ताओं से बात की तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें उक्त निर्देशों एवं दुकानों पर रेट लिस्ट लगाए जाने के बारे में पता है लेकिन कुछ मर्यादाओं के चलते वे खुलकर शिकायत नहीं कर सकते। अगर निर्धारित से ज्यादा रेट में बेची जा रही शराब को लेकर स्थानीय प्रशासन से लिखित में शिकायत करेंगे तो उन्हें समाज में हेय दृष्टि से देखा जाएगा।

#### मैं दिखवाता हूं

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 4 मई तक 102 दुकानों पर क्यूआर कोड लगवाए जा चुके हैं। एमआरपी से अधिक रेट के 08 एवं एमएसपी से कम रेट का एक प्रकरण बना है। निर्धारित पेपर साईज और क्वालिटी में जहां चस्पा नहीं हैं वो मै दिखवा लेता हूं।

\- रितेश लाल, जिला आबकारी अधिकारी, राजगढ़

#### मदिरा दुकानों के लिए यह दिए गए हैं निर्देश

- ई-आबकारी पोर्टल द्वारा जनरेटेड क्यूआर कोर्ड को ए-3 साईज के स्टीकर पेपर पर प्रिंट कराया जाए।
- पेपर न्यूनतम 250 जीएसएम की गुणवत्ता को रखना होगा।
- स्टीकर में ग्लू( गोंद) पर्याप्त गुणवत्ता/ मात्रा का होना चाहिए ताकि वो चिपकने के बाद निकल न सके।
- प्रत्येक मदिरा दुकान के लिए 05 कोर्ड प्रिंट करने होंगे।
- यह कोड दुकान पर ऐसे स्थान पर चस्पा हों जहां से अधिकतम उपभोक्ता उसे स्कैन कर सकें।
- दो कोर्ड सुरक्षित रखें जाएं ताकि पुराने वाले खराब होने पर उन्हें लगाया जा सके।
- यह कोड भी विभाग को ही पिं्रट करवाकर लायसेंसधारी दुकानों को देने थे।

# राजगढ़ से फिर राजस्थान की सीमा में पहुंचा केपी-3 चीता, जांच में जुटा विभाग

### राजस्थान के उमरिया गांव में देखी गई चीते की लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क से भटककर राजगढ़ जिले की सीमा में पहुंचा केपी-3 चीता जीरापुर के रामगढ़ से होकर पुनः राजस्थान राज्य की सीमा में पहुंच गया है। चीते के आसपास ही रहते हुए जीपीएस टेकिंग सिस्टम से निगरानी रख रही टीम को सोमवार रात्रि चीते की लोकेशन जीरापुर के रामगढ़, लखोनी क्षेत्र में मिली थी। इस क्षेत्र से राजस्थान की सीमा करीब 2 किमी के आसपास है। कूनो एवं स्थानीय फारेस्ट अधिकारियों के अनुसार केपी-3 चीता एक बार फिर से राजस्थान सीमा में पहुंच गया है। राजस्थान के उमरिया गांव के नजदीक उसकी लोकेशन मिली है। केपी-3 के राजस्थान पहुंचने पर राजगढ़ जिले की लोकल फॉरेस्ट टीम अब उसके साथ नहीं है पर उसकी लोकेशन की जानकारी लगातार फॉरेस्ट टीम द्वारा ली जा रही है।

#### लोगों में संशय आखिर पकड़ क्यों नहीं लेते

केपी-3 चीते को लेकर आमजन बीते छह दिनों से खासे उत्साहित एवं उत्सुक नजर आ रहे हैं। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि इस चीते को पकड़कर वापस कूनो क्यों नहीं भेजा जा रहा। इस बारे में राजगढ़ डीएफओ ने स्पष्ट किया है कि केपी-3 चीते के दो भाई केपी-1 एवं केपी-2 भी कई महीनों से कूनो से अन्यत्र विचर रहे हैं। तीनों चीतों द्वारा इंसानों को किसी तरह का कोई नुकसान अभी तक नहीं पहुंचाया गया है। विभाग का प्रयास है कि केपी-3 चीता किसी एक वन्य क्षेत्र को अपना स्थाई ठिकाना बने ले। इस कारण से उसे पकड़ा नहीं जा रहा है।

### सूदखोर 10 हजार के मय- ब्याज मांग रहा था 60 हजार

# मामला- सूद खोरी का : कर्ज से परेशान युवक से सूदखोर ने की मारपीट, युवक ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर





समीपस्थ गांव रामगंज के एक किसान द्वारा कथित सूदखोरी ओर मारपीट से परेशान होकर जहर खाने का मामला सामने आया है। मंगलवार को किसान बापूलाल सोंधिया ने जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया, इसके बाद परिजन युवक को गंभीर हालत में खिलचीपुर से विल अस्पताल लेकर पहुंचे, सिविल अस्पताल में डॉक्टर ने नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया।

पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ति के बयान दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया ग्राम रामगंज निवासी किसान बापू लाल सोंधिया ने करीब 2 वर्ष पहले खिलचीपुर के जितेंद्र वर्मा उर्फ जीतू कलाल से दस हज़ार उधार लिए थे। परिजनों ने आरोप लगाया कि सूदखोर द्वारा अत्यधिक ब्याज जोड़कर लगभग 50 हजार रुपए की मांग की जाने लगी जिस वजह से किसान मानसिक रूप से परेशान था वहीं सूदखोर द्वारा बार-बार धमकी दी जा रही थी। सोमवार रात्रि समय सूदखोर जितेंद्र वर्मा और उसके साथी द्वारा पगड़ी से बांधकर किसान बापू लाल के साथ मारपीट की । पीड़ति किसान पुलिस थाना खिलचीपुर में रात्रि को रिपोर्ट दर्ज कराने आया लेकिन रात्रि को दोनों पक्षों में समझौता हो गया। दूसरे दिन सुबह दोबारा सूदखोर द्वारा पीड़ति किसान बापू लाल के साथ कालाजी की बल्डी स्थित घर पर आरोपी द्वारा पुनः मारपीट की गई, जिससे आहत होकर किसान बापू लाल सोधिया ने इंडो सल्फास की गोली खाकर खुद को इस जीवन से मुक्त करने की कोशिश की। खबर लिखे जाने तक सूदखोर से पीड़ति किसान की हालत इलाज दौरान नाजुक बनी हुई थी, पुलिस मामले की पूरी पड़ताल में लगी हुई थी।

# ‘मजबूर’ बीजेपी में और ‘मजबूत’ व्यक्ति कांग्रेस के साथ है खड़ा

### कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में बोले पदाधिकारी



**राजगढ़।** कांग्रेस पार्टी की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं पार्टी जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची विशेष रूप से उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष श्री खिंची ने पार्टी की हालिया गठित जिला स्तरीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को कांग्रेस के संगठन सृजन एवं आगामी 7 मई को होने वाले चक्काजाम कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

बैइक को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मजबूर व्यक्ति भाजपा में जाता है और मजबूत व्यक्ति कांग्रेस पार्टी में आता है। बैठक में गेहूं उपार्जन के संबंध में किसानों से हो रहे छलावे एवं उपार्जन केंद्रों पर कृषकों को आ रही परेशानियों के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। इंका जिलाध्यक्ष ने कहा कि एसआईआर कार्य में भी जिले में गडबड़ी हुई है लेकिन पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पूरी कर्मठता के साथ सामना किया।

#### चक्काजाम कार्यक्रम को लेकर बनाई रणनीति

आगामी 7 मई को होने जा रहे प्रदेशव्यापी चक्काजाम को सात जोन में बांटा गया है। राजगढ़ जिले के इंकाई संयुक्त रूप से शाजापुर, देवास, आगर-मालवा के साथ शाजापुर में चक्काजाम करेंगे। इस दौरान जिले के किसानों की आवाज को बुलंद किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी, पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, कृष्ण मोहन मालवीय, पीसीसी सदस्य रघु परमार सहित जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक, मंडलम, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन महासचिव राधेश्याम सोमतिया ने किया एवं आभार प्रवक्ता एहतेशाम हसन सिद्धकी ने माना।

# सड़क पर अन्नदाता, तोल के नाम पर किसानों का शोषण, जिम्मेदार मौन

**सारंगपुर.** सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए खरीदी केंद्र तो खोले गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत किसानों के लिए परेशानी भरी साबित हो रही है। अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों को लंबी कतारों, स्लॉट बुकिंग की दिक्कतों और तुलाई में गड़बड़ी जैसे कई संकटों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों का आरोप है कि पहले स्लॉट बुकिंग में भारी परेशानी होती है, और जैसे-तैसे स्लॉट मिलने के बाद खरीदी केंद्र पर घंटों लाइन में लगना पड़ता है। जब तुलाई की बारी आती है, तब भी सर्वेयर और केंद्र संचालकों की मनमानी सामने आती है। कई किसानों ने बताया कि तुलाई में कम-ज्यादा कर उन्हें नुकसान पहुंचाया जा रहा है। विरोध करने पर उनकी उपज में खामियां बताकर उन्हें चुप करा दिया जाता है। क्षेत्र के अधिकांश खरीदी केंद्रों पर हालात यह हैं कि किसान दिन-रात वहीं बिताने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में दिन के समय किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे छांव लेकर समय काटते हैं, जबकि रात में अपनी फसल की सुरक्षा के लिए ट्रॉली पर ही सोते हैं। मच्छरों और मौसम की मार के बीच उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों के बीच यह भी चर्चा है कि खरीदी केंद्र संचालकों से साठगांठ करने वाले किसानों की तुलाई पहले कर दी जाती है, जबकि ईमानदारी से अपनी बारी का इंतजार कर रहे किसानों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। हालांकि कई किसान खुलकर सामने आने से बच रहे हैं।

खरीदी केंद्रों के शुभारंभ के दौरान जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे। शुरुआती एक सप्ताह तक व्यवस्था ठीक रही, लेकिन इसके बाद फिर से अव्यवस्थाएं सामने आने लगीं। किसानों का कहना है कि अब केंद्रों पर मनमानी का दौर शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था किसानों को राहत देने के लिए बनाई गई थी, लेकिन वर्तमान हालातों में यही व्यवस्था उनके लिए परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है।

## ई-प्रवेश के तहत उच्च शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया जारी, विषय परिवर्तन के लिए एकीकृत परीक्षा अनिवार्य

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश राज्य के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया इन दिनों ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार अब विद्यार्थियों को विषय परिवर्तन के लिए राज्य स्तरीय एकीकृत परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य किया गया है। जानकारी के अनुसार, 12वीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी जो अपने पूर्व संकाय से अलग किसी अन्य संकाय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेना चाहते हैं, तथा स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो अपने मेजर या माइनर विषय से अलग विषय में स्नातकोत्तर करना चाहते हैं, उन्हें इस परीक्षा में शामिल होना होगा। यह परीक्षा चलित साक्षात्कार (इंटरव्यू) के आधार पर आयोजित की जाएगी। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजगढ़ जिले में परीक्षा के लिए शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़, ब्यावरा, सारंगपुर, जीरापुर एवं खिलचीपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसी क्रम में शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में यह परीक्षा 5 मई 2026 से 14 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रतिदिन कार्य दिवसों में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगी।

### नवनिर्मित अस्पताल भवन में नल के सामानों की चोरी

**जीरापुर।** नगर में लगभग साढ़े तीन करोड़ से अधिक राशि से सिविल अस्पताल भवन का निर्माण हुआ लेकिन आश्चर्य की बात यह की नवनिर्मित भवन में अस्पताल शिफ्ट नहीं हुआ उसके पहले हजारों रूपए का नल से संबंधित सामन अज्ञात चोर चुरा ले गए। जानकारी के मुताबिक भवन में अभी विधुत कनेक्शन नहीं हुआ है जबकि निर्माण एजेंसी द्वारा भवन को स्वास्थ्य विभाग को हैंड ओवर किया जा चुका है। लेकिन सिविल अस्पताल चालू होने से पहले ही नल की टोंटियां चोरी होने की घटना सामने आई है। अस्पताल के बाथरूम से नल की टोंटियां और अन्य सामग्री चोरी कर ली गई इस घटना के बाद, पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में ब्लॉक मेडिकल अधिकारी ने बताया कि वाश बेसिन लैट्रिन एवं बाथरूम की नल की टोंटीयां एवं वाल्व कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया।

# ‘अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तब भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा’

**नरसिंहगढ़.** नगर के बजरंग मोहल्ले में चल रही भागवत कथा में चतुर्थ दिवस की कथा के अंतर्गत मालवा के प्रसिद्ध ज्योतिषचार्य एवं कथा वाचक डॉ.सच्चिदानंद जी शर्मा ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा का वर्णण किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम एवं कृष्ण का चरित्र हमारे जीवन का आदर्श होना चाहिए, भगवान ने मनुष्य योनि में जन्म लेकर बताया है कि एक मनुष्य कैसा होना चाहिये, मानव धर्म की परिभाषा भगवान ने सिखाई है।

हम जिसको अपना आदर्श मानते है वैसे ही बनने लगे जाते है इसलिए आपके बच्चों के लिए यह नितांत आवश्यक ही कि बाल्यकाल से ही धर्म ओर देशप्रेम की शिक्षा देना चाहिये, जिससे वे भविष्य में महान कार्य करे। श्री कृष्ण जन्म का वर्णन करते हुए पंडित सच्चिदानंद जी शर्मा ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान





श्रीकृष्ण को वासुदेव जी लेकर गोकुल पहुंच गए।

पंडित श्री शर्मा ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब धरती पर गो माता और सज्जनों की रक्षा हेतु भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। वासुदेव जी बालस्वरूप भगवान कृष्ण को टोकरी में लेकर व्यासपीठ पर आते है जंहा कथावाचक बालकृष्ण के चरणों को अपने मस्तक पर लगाते है। सुंदर झांकी को देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो जाते है। जिसके बाद फूल और गुलाल के साथ होली बनाई गयी।

